# 999 फीट ऊंची पहाड़ी, 511 सीढ़ियां चढ़कर भक्त करेंगे नगर कोतवाल के दर्शन

## भैरव पूर्णिमा आज : भैरव मंदिरों में होगी विशेष आराधना, डूंगरी पर लगेगा भक्तों का मेला

**शाजापुर, 9 जुलाई. नगर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा. विद्यालयों सहित शिक्षण संस्थानों में गुरु की महिमा का बखान होगा, तो गुरुजनों का सम्मान भी किया जाएगा. इसके अलावा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरवासी 999 फीट ऊंची पहाड़ी पर 511 सीढ़ियां चढ़कर नगर कोतवाल के दर्शन करने पहुंचेंगे.**



गुरुपूर्णिमा पर्व पर दिनभर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला नगर में आयोजित की जाएगी. बापू की कुटिया पर चल रहे यज्ञ की भी गुरुवार को पूर्णाहूति होगी और प्रसादी वितरण किया जाएगा. इसके अलावा शहर के नित्यानंद आश्रम पर भी गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा, तो नगर स्थित भैरव डूंगरी पर दिनभर लोगों का तांता लगा रहेगा. इसके पूर्व मंदिर के पुजारी द्वारा बाबा भैरव नाथ जी का श्रृंगार कर उनका अभिषेक किया जाएगा. इसके बाद दिनभर लोग दर्शन हेतु बाबा भैरव नाथ के दरबार पहुंचेंगे. वहीं शाम को महाआरती भी होगी.

**नगर में नहीं आता कोई संकट**

गुरु पूर्णिमा पर्व का शहरवासियों के लिए बहुत महत्व रहता है. खासकर भैरव डूंगरी के प्रति लोगों की अटूट आस्था है. मान्यता है कि जब से यहां भैरव महाराज की स्थापना हुई है, तभी से नगर में कोई संकट नहीं आया, जिसके चलते उन्हें नगर कोतवाल भी कहा जाता है, जो नगर के मुहाने पर स्थित डूंगरी पर मौजूद रहकर शहर की सुरक्षा करते हैं. यही वजह है कि हर साल यहां लोगों का सैलाब उमड़ता है, जो बाबा भैरव नाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं.



### भक्तों की सुविधा के लिए लगाई रेलिंग...

भैरव डूंगरी की ऊंचाई काफी होने के कारण हर साल यहां भक्तों को चढ़ाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ता था . इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग ने 16 लाख रुपए की लागत से सीढ़ियों के दोनों ओर रेलिंग लगवाई है . डूंगरी के आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई भी कराई गई है . मंदिर के पुजारी गोकुल नाथ के अनुसार महाराष्ट्र, गुजरात और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं . सुबह 6 बजे और शाम 6 बजे महाआरती होगी . इसके अलावा डूंगरी के नीचे मेले का भी आयोजन किया जाएगा . नगर पालिका ने मेले में पानी, बिजली और रोशनी की व्यवस्था की है . मेले में करीब 50 दुकानें और झूले लगेंगे . यातायात पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की है .

## एक नजर में

### अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को समझाईश

**सोयतकलां, 9 जुलाई .** एक माह पूर्व नगर के बस स्टैंड से माधव चौक के मेन बाजार तक नगर परिषद द्वारा दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाकर दुकानदारों को हिदायत दी गई थी कि वह अब सड़क पर दोबारा से अतिक्रमण न करें, लेकिन न तो दुकानदारों ने अधिकारियों के निर्देश पर अमल किया और न ही नगरपरिषद ने रुचि दिखाई, जिसके कारण दुकानदारों द्वारा दोबारा से दुकानों के बहार तक समान रख कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया . अतिक्रमण के कारण बाजार मे बार-बार जाम की समस्या बन रही है, जिससे निजात दिलाने के लिए मंगलवार को नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव के निर्देश पर गठित दल द्वारा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी . नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव ने बताया कि बस स्टैंड से माधव चौक तक मेन रोड की सड़क पर दुकानदारों ने दुकानों के बाहर तक सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे बाजार में दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है . इस कारण आम नागरिकों परेशानी हो रही है . आम नागरिकों द्वारा नगरपरिषद को समस्या से अवगत कराया . जिस पर मंगलवार को गठित दल द्वारा दुकानों पर पहुंचकर 24 घंटे में सड़क से अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी . अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर परिषद के अमले द्वारा अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाकर कार्रवाई की जाएगी . गठित दल में सहायक निरीक्षक मोहन मालवीय, विनोद मेट, घनश्याम कुशवाह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे .

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य 11 को शाजापुर में

**शाजापुर, 9 जुलाई .** मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य व उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ . श्रीमती निशा श्रीवास्तव द्वारा 11 जुलाई को शाजापुर जिले का दौरा किया जाना प्रस्तावित है . उक्त जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य बच्चों के अधिकारों की स्थिति, उनकी सुरक्षा, देखरेख व्यवस्था की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता परीक्षण के लिए जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं बाल संरक्षण तंत्र का निरीक्षण एवं मूल्यांकन करेगी . दौरा कार्यक्रम अनुसार बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य 11 जुलाई को सुबह 9 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 .30 बजे शाजापुर सर्किट हाउस आएंगी . वे यहां समन्वय बैठक, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगी . इसके बाद वे शाम 5 बजे उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगी .

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं से चर्चा



**सुसनेर, 9 जुलाई .** भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय बुधवार को सुसनेर पहुंचे . दोपहर में उन्होंने स्थानीय विश्राम गृह पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों और पार्षदों से चर्चा की . भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय का स्वागत भी किया गया . इस दौरान भाजपा के विभिन्न मोर्चों व प्रकोष्ठ के दायित्वान कार्यकर्तागण उपस्थित रहे .

### स्मैक बेचने वाले दम्पति की शिकायत

**सोयतकलां, 9 जुलाई .** वार्ड क्रमांक 6 गरीबदासपुरा के रहवासियों ने वार्ड में स्मैक बेचने वाले पति-पत्नी के खिलाफथाने पहुंचकर नाम दर्ज शिकायती ज्ञापन एएसआई रामप्रकाश पुष्पद को सौंपा . ज्ञापन में बताया कि नीरज पिता राजाराम राठौर व उसकी पत्नी खुलेआम स्मैक बेच रहे हैं, जिसके कारण वार्ड में रहने वाले नवयुवकों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है . मोहल्ले में दिन भर नशेड़ियों का आना-जाना लगा रहता है, जिसके कारण चोरियों की वारदात बढ़ रही है . यदि स्मैक बेचने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में नगर में चोरियां, सहित अन्य अपराध बढ़ेंगे . वार्डवासियों ने ज्ञापन सौंपकर स्मैक बेचने वाले दम्पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है . ज्ञापन सौंपते समय नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, मंगलेश कारपेंटर, सुमित कारपेंटर, अनिल जाटव, पंकज बैरागी, मोहित सेन, पवन शर्मा सहित अन्य वार्डवासी मौजूद थे .

### जिपं सीईओ ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**शाजापुर, 9 जुलाई .** शासकीय पं . रविशंकर शुक्ल उमावि अरन्याकलां में जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर द्वारा कक्षा 12वीं के विज्ञान एवं गणित संकाय के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया . उन्होंने छात्र-छात्राएं अध्ययन कैसे करें, छात्र जीवन में अनुशासन जरूरी, दैनिक दीनचर्या के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए जीवन में सफलता कैसे प्राप्त करें आदि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया . इस दौरान शिक्षक केशर सिंह परमार, श्रीमती लीला पाटीदार, श्रीमती कविता जायसवाल, देवराज परमार उपस्थित थे . साथ ही शासकीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर में कक्षा 12वीं के कृषि एवं कला संकाय के छात्र-छात्राओं को कृषि संकाय में सरकारी और निजी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कॅरियर जैसे कि कृषि वैज्ञानिक, फॉर्म मैनेजर, कृषि सलाहकार, बागवानी विशेषज्ञ और कृषि व्यवसाय प्रबंधक, आधुनिक कृषि तकनीकों और टिकाऊ खेती के तरीकों, कृषि संकाय छात्रों को अपना खुद का कृषि व्यवसाय शुरू करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अध्ययन कैसे करें . छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व, दैनिक दीनचर्या के महत्व के बारे में चर्चा कर अपने जीवन में सफल कैसे हो आदि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया . इस अवसर पर शिक्षक आशीष पाटीदार, धन्नालाल अहिरवार, संतोष खरे, मानसिंह बकोदिया उपस्थित थे .

# समान वेतन, पीएफ काटने के लिए सीएमओ को दिया ज्ञापन

**सुसनेर, 9 जुलाई. बुधवार को नगर परिषद के कर्मचारियों ने समान वेतन दिए जाने, पीएफ काटे जाने व समय पर भुगतान करने जैसी कई मांगों को लेकर नगर परिषद कार्यालय में सीएमओ ओपी नागर को ज्ञापन दिया.**



सीएमओ को ज्ञापन देते हुएं नगर परिषद के कर्मचारीगण

महादलित परिसंघ के बैनरतले सभी कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि नगर परिषद में जिन कर्मचारियों को 10 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है. उनको नियमित किया जाए. दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का पीएफ काटा जाए व मासिक वेतन 12125 रुपए किया जाए. साथ ही जिन कर्मचारियों को 15 से 16 वर्ष का समय हो चुका है, उन्हे समान वेतन दिया जाए एवं सफाई कर्मचारियों को सफाई हेतु लोंग जूते, झाड़ू, पावड़े, वर्दी, रेनकोट आदि सामान उपलब्ध करवाए जाएं. समस्त कर्मचारियों को समय पर 1 से 5 तारीख के बीच में वेतन का भुगतान किया जाए. परमानेंट कर्मचारियों को रिटायरमेंट होने पर उसके परिवार के एक सदस्य को वापस नगर परिषद में कर्मचारी के रूप में नौकरी पर रखे जाने, किसी भी कर्मचारी के रिटायरमेंट होने पर उसकी भविष्य निधि की राशि व अन्य एग्रीमेंट की जो भी राशि है, उसको तत्काल रिटायरमेंट होने पर भुगतान किए जाने की मांग की है. इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर परिषद के महिला व पुरुष सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे.

# कॉलेज विद्यार्थियों से लिया फीडबैक



**मोहन बड़ोदिया, 9 जुलाई. शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में बुधवार दोपहर 2 बजे स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से फीडबैक लिया गया.**

स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आरती पड़ोले ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर स्वच्छता से संबंधित फीडबैक लिया गया है. इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्रा उपस्थित थे.

# सीसी रोड निर्माण के लिए एसडीएम को दिया आवेदन



सीसी रोड के लिए एसडीएम को आवेदन देते हुएं रहवासी

**सुसनेर, 9 जुलाई. वार्ड क्रमांक 9 में खटिक गली व कंकाली माता मंदिर के पास वाली कॉलोनी में सीसी रोड बनाए जाने की मांग को लेकर बुधवार को रहवासियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव को आवेदन दिया.**

आवेदन में रहवासी कैलाश, राजू, ईश्वर गायरी, अमन, रोड़ूलाल, करण, राजेश प्रजापति, राहुल, रमेश, गोपाल, सपना बाई, ललिता, ममता, सरिताबाई, मंजू प्रजापति आदि ने बताया कि हमारे मकानों के सामने सीसी रोड व नाली नहीं होने से हमे आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कीचड़ के कारण लोग फिसल रहे हैं. ऐसे में कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है तथा इसी कारण से आपस में वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है. एसडीएम ने इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ ओपी नागर को समस्या का निराकरण किए जाने का निर्देश दिया है. बता दें कि इसी समस्या को लेकर रहवासियों के द्वारा पूर्व में नगर परिषद को भी आवेदन दिया जा चुका है.

# 5 प्रतिष्ठानों से 25 खाद्य सामग्री के नमूने लिए

## संयुक्त दल की चलित लैब से शुजालपुर में जांच एवं नमूना कार्यवाही

**शाजापुर, 9 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार गत दिवस शुजालपुर बस स्टैंड क्षेत्र के 5 प्रतिष्ठानों से 25 नमूनों को चलित लैब से प्राथमिक जांच की गई.**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यवाही में 11 अवमानक एवं 14 मानक स्तर के पाए गए. एमएफटीएल की प्राथमिक जांच में कमियों रिपोर्ट के आधार पर सैंपल संग्रहण की कार्यवाही की गई. चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राथमिक जांच में अवमानक पाए जाने से मेसर्स श्री राजस्थानी स्वीट्स एवं नमकीन से मावा कतली एवं केसर बर्फी, श्री राजस्थानी गृह उद्योग से सेव मिर्ची, मीठा मावा, संतुष्टि गुरुकृपा होटल से पनीर एवं लौंग सेव, रूट्स द जंगल कैफे से पनीर, काजू टुकड़ी, पिज्ज़ा बेस, नीलेश स्वीट्स से मावा बर्फी एवं कचौरी सहित कुल 11 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं. प्राप्त जांच रिपोर्ट एवं विवेचना पश्चात न्यायालयीन कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी. उक्त कार्यवाही में कस्बा पटवारी विक्की छाबड़ा, केएल कुम्भकार, एमएफटीएल केमिस्ट दीपक पाटनी शामिल थे.

### शाजापुर में 6 सेंपल फेल हुए थे...

खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्मा ने बताया कि इसी तरह विगत दिनों शाजापुर बस स्टैंड क्षेत्र के 6 प्रतिष्ठानों, जिसमें सम्राट लस्सी एवं आईसक्रीम, यादव उपहार गृह, श्री ओम स्वीट्स एंड नमकीन, मां कृपा रेस्टोरेंट, आनन्द जूस एंड कोल्डड्रिंक्स, श्री वैष्णव कैंटीन से 20 नमूनों की चलित लैब से प्राथमिक जांच की गई . जिसमें 6 फेल एवं 14 मानक स्तर के पाए गए . शक्कर की चासनी एवं तलने वाला यूज्ड कुकिंग ऑयल खराब होने से नष्ट करवाया . एमएफटीएल की प्राथमिक जांच के आधार पर हॉटस्पॉट का चिन्हांकन कर लीगल सैंपल की कार्यवाही की जाएगी .

### 3 दुकानदारों को सूचना पत्र जारी किया

इस दौरान उन्होंने खाद्य सामग्री को ढंक कर रखने, गीले एवं सूखे कचरे के लिए ढक्कन युक्त पृथक-पृथक 2 डस्टबिन का उपयोग करने, प्रतिदिन एक्सपायर्ड, अनुपयोगी खराब सामग्री तत्काल नष्ट करने के निर्देश दिए . साथ ही खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड लगाने, परिसर में नियमित रूप से सफाई रखने एवं कच्ची खाद्य सामग्री की छंटाई नियमित रूप से करने के लिए सुधार हेतु 3 दुकानदारों को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया . जिसका निर्देश अनुसार सुधार कर 15 दिवस में जवाब देना होगा . उक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार सुश्री नाहिद अंजुम, कस्बा पटवारी ताहिर एवं सिकरवार, केएल कुंभकार, एमएफटीएल केमिस्ट दीपक पाटनी, चालक राम ठाकुर शामिल थे .

## एक नजर में

### सावन में मनकामेश्वर मंदिर आने वाले भक्तों को होगी परेशानी, मंदिर समिति ने की तार फेंसिंग की मांग

# असामाजिक तत्वों का शिकार बनी सिंचाई विभाग कॉलोनी

**सुसनेर, 9 जुलाई. वार्ड क्रमांक 10 स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी लंबे समय से असामाजिक तत्वों का शिकार हो रही है. आलम यह है कि तारफेसिंग की बाउन्ड्री टूट जाने के कारण मैना रोड से सीधे डाक बंगला रोड तक लोग आना-जाना कर रहे है. रात के अंधेरे में असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाकर चोरी व अन्य घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं. कई बार सिंचाई विभाग कॉलोनी में स्थित श्री मनकामनेश्वर महोदव मंदिर में चोरी की वारदातें भी सामने आ चुकी है.**



बाउन्ड्रीवाल के अभाव में मेना रोड से डाक बंगले तक आना जाना करते है लोग

यदि यही स्थिति रही, तो फिर कल से शुरू हो रहे सावन माह के दौरान मनकामनेश्वर मंदिर आने-जाने वाले भक्तों को परेशानियो का सामना करना पड़ सकता है. ज्यादा परेशानी माता-बहनों को होगी, जिनकी संख्या सावन के चलते मंदिर परिसर में ज्यादा लगी रहती है. बुधवार को श्री मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति ने डग रोड पर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव को एक लिखित आवेदन देकर सिंचाई विभाग की कॉलोनी में तार फेंसिंग संबंधित विभाग से करावाए जाने की मांग की है. इस पर एसडीएम ने सिंचाई विभाग एवं कुंडालिया बांध परियोजना के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समस्या का समाधान करने की बात कही है.

### सिंचाई विभाग की कॉलोनी हो गई लावारिस

क्षेत्र के एक दर्जन से भी अधिक बांधों का संचालन करने वाला सिंचाई विभाग कार्यालय अब लावारिस हो चला है . यहां के वर्षों पुराने भवन डिस्मेंटल हो चुके हैं . बाउन्ड्रीवॉल के अभाव में पूरी कॉलोनी में असामाजिक तत्वों का आना-जाना हो रहा है . कई बार चोरी की वारदातें भी हो चुकी हैं, लेकिन उसके बाद भी यहां कोई जिम्मेदार ध्यान देने को तैयार नहीं है . जल संसाधन विभाग के अधिकांश अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद से आगर के अधिकारी को यहां के एसडीओ का प्रभार सौंप रखा है . इसलिए वे कभी-कभार ही यहां के जर्जर भवन में संचालित हो रहे दफ्तर में दिखाई देते हैं .

### लाखों रूपए से बना कार्यालय व आवासीय भवन विरान पड़े...

सिंचाई विभाग कॉलोनी में अब बहुत ही कम कर्मचारी कार्यरत हैं . यहां बने अधिकांश आवास भवन पुराने होकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं . इसलिए पूरी कॉलोनी पर अब कुंडालिया बांध परियोजना के जिम्मेदारों ने कब्जा कर लिया . उन्होंने अधिकारियों के निवास के लिए आवास तो बना दिए, लेकिन उनमें अभी तक कोई भी निवास नहीं कर रहा है . वहीं सुरक्षा के लिए जो तारों की बनी हुई बाउंड्रीवॉल थी, वह टूट चुकी है, इस वजह से मैना रोड से सिंचाई विभाग कॉलोनी में असामाजिक तत्वों का प्रवेश प्रतिदिन हो रहा है . असामाजिक तत्व इस कॉलोनी के मुख्य मार्ग के अलावा नवनिर्मित आवासों में भी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को अंजाम दे जाते हैं, लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान देने को तैयार नहीं है .



मनकामनेश्वर महादेव मंदिर यहां आने वाले श्रद्धालु असामाजिक तत्वो से है परेशान

### बाजरा एवं मक्का के नमूने अमानक, लॉटो की मात्रा प्रतिबंधित

**शाजापुर, 9 जुलाई.** किसान कल्याण तथा कृषि विकास अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक आरएल जामरे ने बाजरा में नार्मल अंकुरण क्षमता 80 प्रतिशत से कम होने के कारण अमानक स्तर के पाए जाने पर बीज अधिनियम 1966 के तहत कंपनी प्रदायक संस्था श्री एग्रीटेक उटारा धानमण्डी मंदसौर तथा विक्रेता महावीर कृषि सेवा केन्द्र बोलाई के लॉट नंबर एसए 01 एवं कंपनी प्रदायक संस्था आनन्द बायोटेक इन्दौर व विक्रेता जय बाबारी कृषि सेवा केन्द्र मो. बड़ोदिया के लॉट नम्बर एनबीपी/500/25/2695 के लॉटो की मात्रा को जिले में तथा जिले से बाहर क्रय, विक्रय भण्डारण, स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है. इसी तरह किसान कल्याण तथा कृषि विकास अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक आरएल जामरे द्वारा मक्का में नार्मल अंकुरण क्षमता 85 प्रतिशत से कम होने के कारण अमानक स्तर के पाए जाने पर बीज अधिनियम 1966 के तहत कंपनी प्रदायक संस्था हेडवे एग्री साईस हेदराबाद तेलंगाना तथा विक्रेता मोहित कृषि सेवा केन्द्र मेन रोड गुलाना लॉट नम्बर डी 25 जीकेआर-30.67414.450 के लॉटो की मात्रा को जिले में तथा जिले से बाहर क्रय, विक्रय भंडारण, स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है.